an>

Title: Need to provide houses to people belonging to Korku tribe in Anuppur disrict, Madhya Pradesh.

श्री दलपत सिंह परस्ते (शहडोल)ः मध्य प्रदेश के जिला अनुपपुर में कूडकू जनजाति के परिवार काफी अधिक हैं जो कि अति गरीबी में जीवन निर्वहन कर रहे हैं। इन परिवारों को इन्दिरा आवास तथा दूसरी योजनाओं से कोई आवास उपलब्ध नहीं कराया गया है। ऐसे परिवार दैनिक मजदूरी करके अपना जीवनयापन करते हैं। ऐसे सभी परिवार जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित हैं। इस क्षेतू में हल्दीबाड़ी परियोजना के कारण गरीब परिवार पूभावित हैं। क्षेतू के लोगों को पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ऐसे जनजाति के लोगों को शीघ्र निर्मित मकान दिय जाएं।